केन्द्रीय विद्यालय क्र. 01 आयुध निर्माणी इटारसी

विद्यालय तत्परता कार्यक्रम

केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 आयुध निर्माणी इटारसी में विद्यालय तत्परता कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा पहली के विद्यार्थियों का स्वागत समारोह का आयोजन दिनाँक 22/06/2022 को प्राथमिक संसाधन कक्ष में किया गयां जिसके अंतर्गत प्राचार्य महोदय जी श्री मनीष तुली सर केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 आयुध निर्माणी इटारसी द्वारा माँ सरस्वती जी की पूजा अर्चना, माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम को रंगारंग बनाने में संगीत शिक्षक श्री एन.के.डोगंरे जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत प्राथमिक कक्षा 5 अ व ब के विद्धार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुती दी । तत्पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत पहली कक्षा की छात्रा आर्मा द्वारा नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई। कक्षा पहली अ व ब की शिक्षिकाओं श्रीमती इमोरलिन नेरियस एवं मनीषा खाड़े द्वारा परिचय दिया गया। इसके बाद आदरणीय प्राचार्य महोदय जी द्वारा अभिभावकों का स्वागत किया गया।

प्राचार्य महोदय जी ने सभी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को केन्द्रीय विद्यालय संगठन से परिचित कराते हुए बताया कि के.वि.देश मे ही नही बल्कि विदेशों मे भी प्रतिष्ठित है। प्राचार्य जी द्वारा विद्यालय की गतिविधियाँ, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। इस प्रकार प्राचार्य महोदय द्वारा सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया साथ ही विद्यालय के नियमों के बारे में भी अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए।

अंत में कार्यक्रम की समाप्ति पर आदरणीय प्राचार्य महोदय जी द्वारा बच्चों को पेंसिल, रबर, स्केल, आदि सामग्री प्रदान की गई एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस प्रकार संपूर्ण कार्यक्रम प्राथमिक शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

WEL
COME

Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy F22

WEL
COME

Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy F22

Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy F22

Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy F22